भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 274

दिनांक 03 फरवरी, 2023 को उत्तर के लिए

पूरक पोषण कार्यक्रम

274. डॉ. सुजय विखे पाटील:
डॉ. हिना विजयकुमार गावीत:
श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल:
श्री कृष्णपालसिंह यादव:
डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:
प्रो. रीता बहुगुणा जोशी:

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पूरक पोषण कार्यक्रम की प्रति व्यक्ति लागत में वर्ष 2017 से वृद्धि हुई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त योजना के लिए सरकार द्वारा निर्धारित धनराशि कितने प्रतिशत है;
(ग) क्या पूरक पोषण कार्यक्रम के कार्यान्वयन में जनशक्ति की कोई कमी है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों में बाल विकास परियोजना अधिकारी के पद पर भर्ती का ब्यौरा क्या है; और
(ड.) स्कूलों में प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता के मूल्यांकन हेतु सामाजिक लेखा परीक्षा की आवृत्ति कितनी है?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

(क) और (ख) : वर्ष 2017 से पूरक पोषण कार्यक्रम की प्रति व्यक्ति लागत नहीं बढ़ी है। हालांकि, स्कीम के तहत निधि का आवंटन वर्ष 2017-18 से 2022-23 तक रु.15,245.19 करोड़ से रु. 20,263.07 करोड़ यानी 32.92% बढ़ गई है।

(ग) : आंगनवाड़ी सेवा स्कीम के अंतर्गत पूरक पोषाहार कार्यक्रम राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को बार-बार सलाह दी गई है कि वे आईसीडीएस के कर्मियों के रिक्त पदों को भरें और जनशक्ति की कमी के कारण यदि कोई बाधा हो तो उसे दूर करें।

(घ) : दिनांक 30.06.2022 की स्थिति के अनुसार बाल विकास कार्यक्रम अधिकारियों की स्वीकृत एवं पदस्थ संख्या का विवरण इस प्रकार है:

क्र.सं.	**राज्य/संघ शासित क्षेत्र**	**सीडीपीओ की संख्या**		
		स्वीकृत	**पदस्थ**	**रिक्त**
1	मध्य प्रदेश	453	422	31
2	महाराष्ट्र	553	257	296
3	उत्तर प्रदेश	897	438	459

(ड.) : मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 की स्कीम के दिशा-निर्देशों के अनुसार, ग्राम पंचायतों, मदर्स ग्रुप और ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण समितियों (वीएचएसएनसी) जैसे हितधारकों द्वारा सामाजिक लेखा परीक्षा की जानी है। जिन लोगों ने स्कीम के तहत सेवाओं का लाभ उठाया है, उनसे सीधे फीडबैक भी लिया जाता है।

*****